प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

कैरियर विकास हेतु परस्पर संवादात्मक सत्र का आयोजन

पंतनगर। 12 नवम्बर 2021। विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय की प्लेसमेंट सेल द्वारा महाविद्यालय के विद्यार्थियों हेतु 'टैक्सटाइल कम्पनी की रिटेंलिग गतिविधियां' विषय पर परस्पर संवादात्मक सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के पूर्व छात्र, श्री संजय मेहता (वर्तमान में हैदराबाद की एक प्रसिद्व स्पोर्टस कम्पनी डीके थेलॉन स्टोर में स्पोर्टस कोच लीडर) ने अपने अनुभवों का साझा किया। उन्होंने खुदरा क्षेत्र में कपडा कम्पनी के काम–काज और व्यापक बाजार में विभिन्न गतिविधियों को विनियमित करने के बारे में जानकारी दी। श्री मेहता वर्तमान समय में भारतीय स्वस्थ्य जीवन–शैली, खेल ब्राण्डों, सक्रिय वस्त्रों पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जो गृह विज्ञान के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न खेल कम्पनियों में रोजगार के अनेक रास्ते खोलती है। विद्यार्थियों ने गृह विज्ञान शिक्षा के बाद विभिन्न उद्योंगो में नौकरी से सम्बधित विषय पर जानकारियां प्राप्त की।

कार्यक्रम में अधिष्ठात्री गृह विज्ञान, डा. अल्का गोयल; प्लैसमेंट सैल कॉडिनेटर, डा. सीमा क्वात्रा; सदस्य प्लेसमेंट सेल, डा. शैफाली मैसी तथा विभागाध्यक्ष डा. मनीषा गहलोत एवं डा. शहनाज जहां उपस्थित थे।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान करते पूर्व छात्र श्री संजय मेहता।